# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
# ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, महाराजगंज।

पत्रांक 1763 , दिनांक 16/08/2021

प्रेषक :–

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, महाराजगंज।

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल,सिवान।

विषयः मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना(अनुसूचित जाति ) अन्तर्गत स्वीकृत **N.H -101 से महाराजा के घर तक पथ** कार्य के समय वृद्धि के संबंध मे ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना कि मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अनुसूचित जाति ) अन्तर्गत स्वीकृत **N.H -101 से महाराजा के घर तक पथ का कार्य** एकरारनामा संख्या–. 33/MMGSY/SBD/2020-21 Dated- 21-09-2020 के अनुसार कार्य दिनांक 20.09.2021 तक पूरा करना था किन्तु पथ कार्य मे जमीनी विवाद, पथ अतिक्रमण होने के कारण कार्य बाधित हो गया था। अंचलाधिकारी, भगवानपुर हाट द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन में बताया गया है मापी कर विवाद का निपटारा कर दिया है। इस कार्य के समय वृद्धि हेतु संवेदक द्वारा विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र संबंधित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा दिनांक 30.03.2022 तक समय वृद्धि हेतु निम्न लिखित वांछित प्रतिवेदन संल्गन कर समर्पित किया जा रहा है, जो निम्न प्रकार है:–

1. स्थानीय जनता द्वारा व्यवधान उत्पन्न किए जाने का आवेदन का छाया प्रति संलग्न।
2. अंचल अधिकारी, भगवानपुर हाट द्वारा पथ में मापी कर अतिक्रमण हटाने का पत्र।
3. संवेदक द्वारा लिखित अनुरोध किया गया है कि समय वृद्धि स्वीकृति होने के बाद अतिरिक्त किसी प्रकार का वित्तीय लाभ नहीं लूंगा।
4. यह कार्य एकल पथ का है।
5. उक्त पथ में ए0टी0आर0 लंबित नहीं है।

अतः संवेदक का आवेदन पत्र तथा अन्य कागजातों के साथ दिनांक 30.03.2022 तक समय वृद्धि स्वीकृति हेतु अनुशंसा के साथ समर्पित किया जाता है।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन

16/08/21

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, महाराजगंज।

16.8.21

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
# ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, महाराजगंज

| | | |
|---|---|---|
| 1) | अभिकर्ता का नाम | :– NORTH BIHAR CONSTRUCTION |
| 2) | कार्य का नामः– | :– NH101 to MAHARAJA KE GHAR TAK |
| 3) | एकरारनामा सख्याः– | :– 33 MMGSY/SBD/2020-21 Dated. 21/09/2020 |
| 4) | एकरारनामा अन्तर्गत कार्य का मूल्य | :– 14912039=00 |
| 5) | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | :– 158.184 Lakh |
| 6) | एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि | :– 21.09.2020 |
| 7) | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | :– 20.09.2021 |
| 8) | और अधिक समय जो मांग की जा रही है | :– 06 MONTH |
| 9) | कार्य विलम्ब का कारण | :– आम-ग्रामीणों द्वारा सड़क का अतिक्रमण |
| 10) | तिथि एवं समय जिसमें कार्य सम्पादन में व्यवधान उत्पन्न हुआ | :– 24.10.2020 एवं 01.07.2021 |
| 11) | आवेदन की तिथि तक कार्य पूर्णता का अनुपात | :– 51.50 प्रतिशत |
| 12) | क्या पूर्व में समय वृद्धि की गई थी ,यदि हो तो तिथि अंकित करें | :– नहीं |
| 13) | पूर्व में समय वृद्धि किस कारण दी गई थी | :– नहीं |
| 14) | अभिकर्ता का हस्ताक्षर | :– Rinsu Kumar Pandey |
| 15) | अनुशंसा की तिथि तक कार्य की अद्यतन स्थिति | :– E/W, GSB & WBM Gr3 in progress. |
| 16) | कनीय अभियंता की अनुशंसा | :– जमीनी विवाद के कारण कार्य बाधित [signature] 12/08/21 J.E |
| 17) | अवर प्रमंडल पदाधिकारी की अनुशंसा स्पष्ट एवं ठोस कारण सहित | :– Delay due to land dispute. Work has been not completed in the due time. Time extension may be granted up to 30.03.22 [signature] 13.08.21 AE |
| 18) | कार्यपालक अभियंता की अनुशंसा स्पष्ट एवं ठोस कारण सहित | :– संवेदक का कथन सत्य है। समय वृद्धि की स्वीकृति देने हेतु अनुशंसा की जाती है। [signature] 13/8/21 |
| 19) | अधीक्षण अभियंता की अनुशंसा | :– |

Executive Engineer
Rural Works Department
Works Division Maharajganj

# अंचल कार्यालय– भगवानपुर हाट

ज्ञापांक 536 / दिनांक– 12/07/2021

प्रेषक,

अंचलाधिकारी
भगवानपुर हाट

विषय :– मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अन्तर्गत NH101 से महाराजा के घर तक सड़क के निर्माण के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध मे कहना है कि मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अन्तर्गत NH101 से महाराजा के घर तक पथ निर्माण कार्य मे ग्रामीणों द्वारा पथ के भूमि 1.3 कि0 मी0 से 2.1 कि0 मी0 के बीच अस्थायी रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था। इसकी सूचना उक्त कार्य के संवेदक द्वारा दिए जाने के उपरांत अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरान्त पथ के पूर्ण लम्बाई को अमीन द्वारा मापी कराया गया। साथ ही साथ कुछ गणमान्य लोगों से सम्पर्क स्थापित कर पथ को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है।

प्रतिवेदन सूचनार्थ।

विश्वासभाजन

अंचलाधिकारी
भगवानपुर हाट।

NBC

# M/S NORTH BIHAR CONSTRUCTION

Government Contractor

Ref. No.　　　　　　　　　　　　　　　　　　Date 01/07/2021

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल – महाराजगंज

विषय – एकरारनामा संख्या 33MMGSY/SBD/2020-2021 दिनांक 21.09.2020 में समय वृद्धि के सम्बंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में निवेदन पूर्वक कहना है कि मुझे प्रमंडलीय पत्रांक 1249 दिनांक 22.09.2020 से मुझे प्रखण्ड भगवानपुर में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अनुसूचित जाति) अन्तर्गत NH101से महराजा के घर तक सड़क के निर्माण हेतु कार्यादेश प्राप्त हुआ है । कार्यादेश प्राप्ति के उपरान्त दिनांक 24.10.2020 को मजदूरों से साथ जे0 सी0 बी0 लेकर कार्य प्रारम्भ किया उक्त सड़क के दोनो तरफ फ्लैंक का कार्य प्रारम्भ हुआ तो पाया गया कि प्रस्तावित पथ के कई हिस्से पर आम ग्रामिणों द्वारा सड़क का अतिक्रमण कर लिया गया है । अतिक्रमण के हटाने के दौरान ग्रामीणों से गंभीर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई तदोपरान्त कार्य को रोक दिया गया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं उक्त क्षेत्र के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर पुनः कार्य प्रारम्भ कराया गया । फिर ग्रामिणों द्वारा सड़क निर्माण कार्य में बार–बार रूकावट डालने एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बैठक कराकर कार्य प्रारंभ कराया गया इस प्रक्रिया में लगभग 3–4 माह का समय व्यतित हो गया ।

E/W. GSB & WBM $Gr_3$ का कार्य प्रगति में है । इस बीच सड़क के 1.3 कि0 मी0 से 2.1 कि0 मी0 का पथ पूर्ण रूपेण अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाया । दिनांक 01.07.2021 को जब उक्त पथांस से पूर्ण रूपेण

Address : Vill+Post- Risaura,P.S- Maharajganj,Distt. Siwan
Mob. +91 9708607551,9661310405,9973315992,9430606060
E-mail : northbiharconstruction@gmail.com

अतिक्रमण हटाया जा रहा था तब कुछ स्थानीय लोगों द्वारा गाली–गलौज करते हुए जबरन कार्य रोक दिया गया है । इस स्थिति में कार्य करना बिल्कुल संभव नहीं है । जब विवादित पथांस का सरकारी अमानत होगा तब ही सड़क निर्माण कार्य हो सकेगा ।

श्रीमान् को ज्ञातव्य हो कि उक्त घटना की जानकारी अंचलाधिकारी भगवानपुर हाट को दे दी गई है, जिसपर अंचल अधिकारी महोदय द्वारा यथाशिघ्र नापी कराकर उक्त पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने की बात कही गयी है ।

अब इस कार्य में समय–वृद्धि की आवश्यकता होगी । अतः श्रीमान से निवेदन है कि इस कार्य योजना में समय वृद्धि की मंजूरी देने की कृपा प्रदान करें ।

आपका विश्वासी

For M/s NORTH BIHAR CONSTRUCTION
Rinsu Kumar Pandey
Partner

## शपथ पत्र

मै, रिन्सु कुमार पाण्डेय॥पार्टनर नार्थ बिहार कन्सट्रक्शन॥ पिता श्री कृतनरायण पाण्डेय ग्राम पो० रिसौरा थाना महाराजगंज जिला सिवान बिहार शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान वो एकरार करता हूँ:-

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त वर्णित पता का निवासी है।

2. यह कि शपथकर्ता भगवानपुर हाट प्रखण्ड के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना ॥अनुसूचीत जाति॥ योजना के तहत एन०एच० 101 से महाराजगंज के घरतक पथ का संवेदक है।

3. यह कि शपथकर्ता द्वारा पथ निर्माण कार्य दिनांक 30.03.2022 तक समाप्त कर दिया जाएगा।

4. यह कि निर्माण कार्य मे बिलम्ब पथ मे जमीनी विवाद एंव अतिक्रमण के कारण हुआ।

5. यह कि उक्त कार्य के लिए यदि समय बृद्धि की स्वीकृती दी जाती है तो इसके विरुद्ध शपथकर्ता द्वारा कोई अतिरिक्त वित्तीय दावा नही किया जाएगा।

अत: यह शपथ पत्र।

Rinsu Kumar Pandey

मै, उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक बयान वो एकरार करता हूँ कि शपथपत्र का कुल अंश सही वो सच्च है इसमे न कोई बात छोडी गयी है न छिपायी गयी है।

Rinsu Kumar Pandey

प्रमाणित किया जाता है कि शपथकर्ता निशपथपत्र का कुल अंश सही वो सच्च होने को लकि जिनकी पहचान श्री A. K. Bhee अधि० ने की।

Indentyfy the Deponent Who has/her/his signed/L.T.I./R.T.I. in my Presence

13/8/21

NOTARY

GOVT OF BIHAR

13/8/21